प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

आज सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ का स्थापना दिवस है। बीएसएफ की स्थापना का उद्देश्य देश की सीमाओं की रक्षा करना और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा बनाये रखना है। इसकी स्थापना 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध के बाद सीमाओं की सुरक्षा के लिए की गई थी। यह विश्व का सबसे बडा सीमा रक्षक बल है जो गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएसएफ के जवानों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह बल साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा में बीएसएफ की सतर्कता और साहस की सराहना की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट पर 'सीमा सुरक्षा बल' के सभी वीर जवानों, अधिकारियों और उनके परिजनों को सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि जवानों की सजगता, समर्पण और राष्ट्र के प्रति अविचल प्रतिबद्धता के कारण ही हमारी राष्ट्रीय सीमाएं अभेद्य और सुरक्षित हैं।

00000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्य सरकार की ओर से लाए जा रहे धर्मांतरण कानून का स्वागत किया है। श्री शेखावत ने कहा कि वे राजस्थान सरकार के इस निर्णय के साथ हैं। आज जोधपुर पहुंचने पर श्री शेखावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रलोभन के आधार पर और जबरन धर्मांतरण के विरूद्ध कानून लाने के राज्य सरकार के निर्णय का वे स्वागत करते है। प्रयागराज में जनवरी–फरवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ सबसे बड़ा समागम है। इसमें 45 दिन में 45 करोड़ लोगो के आने की संभावना है।

000000

आज विश्व एड्स दिवस है। एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंसी सिंड्रोम–एड्स के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए और लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। यह दिन एचआईवी पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर देता है। इस साल की थीम है "सही रास्ते पर चलें"। प्रदेश में भी एड्स के प्रति जागरूकता बढाने के लिए कई कार्यकम आयोजित किये जा रहे है। डूंगरपुर में मेडिकल कॉलेज अस्पताल और एआरटी सेंटर की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर एड्स से बचाव और जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई।

000000

उदयपुर में आज से तीन दिवसीय कुंभलगढ़ फेस्टिवल का आगाज हुआ। पहले दिन हल्ला पोल से कुंभलगढ़ फोर्ट तक शोभायात्रा भी निकाली गई। पर्यटन विभाग को उपनिदेशक शिखा सक्सेना ने बताया कि इस बार फेस्टिवल में कई नए कार्यक्रम जोड़े गए है। उन्होंने बताया कि लाखेलातालाब के पास स्थापित फूड कोर्ट में खास तौर राजस्थानी व्यंजन मेहमानों को परोसे जाएंगे। फोर्ट के यज्ञ वेदी परिसर में दिन में 3 बजे तक हर रोज लोक कलाकारों द्वारा कच्छी घोडी, कालबेलिया, घूमर नृत्य के साथ पर्यटकों के लिए रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी।

000000

देश के 25 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट –क्लैट–2025 आज आयोजित की जा रही है। प्रदेश के तीन शहरों जयपुर, जोधपुर और कोटा में होने वाली यह परीक्षा आज दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक होगी। परीक्षा में डमी कैंडिडेट को बैठने से रोकने के लिए इस बार नया प्रयोग किया गया है। प्रश्न पत्र पर परीक्षार्थी की फोटो, उसका नाम और प्रवेश नम्बर अंकित होगा। देश में पहली बार किसी परीक्षा में ऐसा प्रयोग किया जा रहा है, यानी जिस परीक्षार्थी की फोटो होगी, प्रश्न पत्र उसी को मिलेगा।

00000

आज से राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 3 दिसंबर तक दो पारियों में सुबह 9 से 12 और दोपहर ढाई बजे से साढे पांच बजे तक आयोजित की जायेगी। सभी जिलों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता बंदोबस्त किये गये है। पाली जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया की प्रतियोगी परीक्षा की गंभीरता को देखते हुए कल और परसो अवकाश घोषित किया गया हैं और जिला मुख्यालय पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

00000

सलूम्बर जिले में दिव्यांगजन को सशक्त बनाने में उत्कृष्ट और सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर सलूम्बर जिला कलेक्टर जसमित सिंह संधू को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार 3 दिसम्बर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी।

00000